दिन– सोमवार | दिनांक– 20 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधिः– 05 मिनट

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि अवसंरचना वह नींव है जिस पर आधुनिक देश बने हैं। श्रीमती मुर्मू राष्ट्रपति भवन में भारतीय रेलवे के परिवीक्षाधीन अधिकारी और केंद्रीय अभियांत्रिकी सेवा सड़क के सहायक कार्यकारी अभियंताओं के साथ बातचीत कर रही थी। राष्ट्रपति ने कहा कि मजबूत बुनियादी ढांचा लॉजिस्टिक लागत कम करता है, व्यापार को मजबूती देता है, निवेश आकर्षित करता है तथा उत्पादकता बढ़ाता है।

———————————————————————————

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित संशोधन विधेयक के संसद में पारित नहीं होने के खिलाफ एनडीए महिला कार्यकताओं ने आज पटना के करगिल चौक पर आक्रोश प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शामिल हुए। एनडीए के घटक दलों से जुड़ी महिला कार्यकर्ताओं ने बापू सभागार से जे.पी गोलंबर होते हुए करगिल चौक तक मार्च निकाला। मार्च में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी दिखी। आक्रोश मार्च मे पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणू देवी, पूर्व मंत्री श्रेयसी सिंह, पटना की महापौर सीता साहू समेत कई वरिष्ठ महिला नेत्रिया शामिल थी। इस दौरान गांधी मैदान के आस–पास यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति तक पूरे इलाके में ऑटो और ई–रिक्शा का परिचालन प्रतिबंधित रहा।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने करगिल चौक पर जन आक्रोश सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष ने महिलाओं का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि तैंतीस प्रतिशत महिला आरक्षण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विपक्षी दलों के रवैये पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित संशोधन विधेयक को लोकसभा में रोक कर कांग्रेस, राजद समेत सभी विपक्षियों ने ऐतिहासिक गलती की है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को रोक कर विपक्ष ने नारी शक्ति को अपमानित करने का काम किया है। पटना में महिला आक्रोश मार्च में शामिल होने के दौरान आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए श्री यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में विपक्षी दलों को इसका नुकसान उठाना पड़ेगा।

---

जदयू विधानमंडल दल की आज पटना में एक अणे मार्ग स्थित आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को विधायक दल का नेता चुनने के लिए अधिकृत किया गया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधान पार्षद नीरज कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि सभी विधायकों ने पार्टी के सर्वोच्च नेता नीतीश कुमार को सभी महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए एक मत से जिम्मेदारी सौंप दी है।

---

राज्य के उनतीस जिलों के तीन सौ तिरेसठ पैक्सों में अध्यक्ष और प्रबंध समिति के चयन के लिए शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी है। शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। किसी भी तरह की समस्या होने पर मतदाता नियंत्रण कक्ष के हेल्पलाइन नम्बर से संपर्क कर सकते हैं। हेल्पलाईन नम्बर है– **सात नौ सात नौ, नौ पांच एक, दो नौ सात**।

---

प्रदेश का दक्षिणी हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई स्थानों का तापमान बयालीस डिग्री सेल्सियस के आस–पास पहुंच गया है। वहीं, रोहतास जिले के डेहरी में अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री

सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो से चार दिनों के दौरान कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद और गया समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में कई स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक बना रहेगा। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ सकती है।

———————————————————————————

भोजपुर पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से अलग–अलग मामालों मे वांछित सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अररिया जिले के फुलकाहा थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है।

———————————————————————————

समाप्त